**भारत में अंतर्राष्ट्रीय विद्वानों के लिए आईसीसीआर की निबंध प्रतियोगिता**

आईसीसीआर, भारत में अध्ययनरत विदेशी छात्रों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता की घोषणा करता है।

**विषय** (प्रतिभागियों को निम्नवत में से केवल एक विषय पर ही लिखना होगा)

1) **भारत में लोकतंत्र का विकास;**

2) **भारत के विकास में आध्यात्मिक गुरूओं का योगदान;**

3) **एसटीईएम** (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) **शिक्षा और भारत में इसका भविष्य।**

**पात्रता**

4) **भारत की G-20 अध्यक्षता - महत्व और प्रभाव**

- यह प्रतियोगिता, वर्तमान में, भारत में अध्ययनरत, 35 वर्ष से कम आयु के सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए खुली है।

**पंजीकरण**– सभी पात्र व्यक्तियों के लिए निःशुल्क (यथा उपर्युक्त)

**पंजीकरण और निबंध को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया**: पंजीकरण, आईसीसीआर की वेबसाइट/ सोशल मीडिया हैंडल पर दिए गए लिंक पर किया जाएगा। सर्वप्रथम, होम पेज पर दिखाई दे रहे "रजिस्टर नॉओ" टैब पर क्लिक करें और प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करें। पंजीकरण/ साइन-इन करने के बाद आपको अपने अकाउंट में 'लॉग-इन' करना होगा जहां आपको आवश्यक दस्तावेजों (फोटो, पासपोर्ट की प्रति, बोनाफाइड प्रमाणपत्र) के साथ अपनी विस्तृत जानकारी अपलोड करनी होगी और अपना निबंध अपलोड करना होगा (केवल पीडीएफ प्रारूप में 2 एमबी से अधिक नहीं)। प्रतिभागी को सही और सटीक जानकारी भरनी होगी और प्रामाणिक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। यदि, बाद में विवरण गलत पाया जाता है, तो पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

**समय सीमा**

पंजीकरण और निबंध जमा करना– **1 से 30 जनवरी, 2023** (1800 बजे आईएसटी)

परिणाम की घोषणा – **15 फरवरी, 2023 (अस्थायी)**

**नियम और विनियम**

1. सभी प्रविष्टियां अंग्रेजी में लिखी होनी चाहिए और प्रतिभागी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना चाहिए। इसे पंजीकरण फॉर्म के साथ अपलोड किया जाना चाहिए (नीचे बिंदु 5)

2. प्रविष्टियां, प्रतिभागी का मूल कार्य होना चाहिए और किसी अन्य संगठन द्वारा आयोजित किसी अन्य प्रतियोगिता में प्रस्तुत नहीं की गई हो या पूर्व में प्रकाशित नहीं की गई हो।

3. प्रस्तुतियां 1200 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए और **सभी पृष्ठ क्रमांकित**, **ए4-आकार के कागज पर 'एरियल फ़ॉन्ट' में होनी चाहिए जिसका आकार 12 हो तथा पंक्तियों के बीच 1.5 का अंतराल होना चाहिए।**

4. प्रतिभागी का नाम, सार और मुख्य निबंध में कहीं भी नहीं लिखा होना चाहिए।

5. अपलोड करते समय, दिए गए आकार का अनुपालन करते हुए निबंध को केवल पीडीएफ प्ररूप में प्रस्तुत/ अपलोड किया जाना चाहिए। निबंध प्रस्तुत करने की समय सीमा दिनांक **30 जनवरी, 2023** (1800 बजे, आईएसटी) है। विलम्ब से प्रस्तुत की गई प्रस्तुतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. सभी निबंध एक समीक्षा प्रक्रिया से गुजरेंगे और मूल अंतर्दृष्टि और विचार, अभिव्यक्ति की स्पष्टता, विचारों के प्रभावी संप्रेषण और बेहतर तरह से प्रमाणित की गई अवधारणाओं और तर्कों के आधार पर निर्णायकों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा गोपनीय पद्धति से मूल्यांकन किया जाएगा।

7. आईसीसीआर निबंध प्रतियोगिता में निबंध प्रस्तुत करके, अभ्यर्थी, आयोजकों को उसके द्वारा लिखे निबंध को ऑनलाइन प्रिंट और प्रकाशित करने की अनुमति देने के लिए सहमत है।

8. निर्णायकों के पैनल द्वारा लिए गए निर्णय अंतिम होंगे। निर्णायक पैनल किसी भी या सभी पुरस्कारों को प्रदान नहीं करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। परिणामों को अंतिम रूप दिए जाने पर केवल विजेता प्रतिभागियों से संपर्क किया जाएगा।

**<u>पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा</u>**

विजेता निबंधों को निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

**प्रथम पुरस्कार- 25,000/- रुपये**

**दूसरा पुरस्कार- 20,000/- रुपये**

**तीसरा पुरस्कार– 15,000/- रुपये**

उपरोक्त पुरस्कार निम्नलिखित 5 क्षेत्रों में से प्रत्येक के विदेशी छात्रों को प्रदान किए जाएंगे: –

i) एशिया/यूरेशिया

ii) अमेरिका और यूरोप

iii) ओशिनिया

iv) अफ्रीका

v) पड़ोसी देश (अफगानिस्तान, चीन, भूटान, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका)

**प्रस्तुति**

**रेखाचित्र, आरेख, तालिकाओं और 'इन्फोग्राफिक्स' का उपयोग नहीं किया जाए।**

निबंध केवल अंग्रेजी में होना चाहिए और **ए4 के आकार के कागज पर सभी पृष्ठों को क्रमांकित करने के साथ पंक्तियां के बीच 1.5 का अंतर होना चाहिए तथा 12 के आकार का एरियल फ़ॉन्ट होना चाहिए**। शब्दों की सीमा 1000 से 1200 शब्दों के बीच होनी चाहिए।

**मौलिकता**

निबंध व्यक्ति की मूलकृति होनी चाहिए और चुने हुए विषय पर भली-भांति शोध किया गया हो तथा निबंध जानकारीप्रद होना चाहिए। साहित्यिक चोरी वाली प्रविष्टियों को स्वत ही अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
यद्यपि, निबंध में, किए गए मौजूदा कार्यों से संदर्भ लिया जा सकता है, परंतु विश्लेषण, तर्कों की शैली और दृष्टिकोण के संदर्भ में विषयवस्तु उनसे पृथक होनी चाहिए। इसमें पिछले कार्यों का एक अलग संदर्भ में अनुप्रयोग शामिल हो सकता है, अथवा नए/ अलग तर्कों का प्रयोग करना, या नए विश्लेषण या दृष्टिकोणों को लागू करना जो पिछले कार्यों से काफी भिन्न है, को शामिल किया जा सकता है। मौजूदा कार्यों के संदर्भ को स्वीकारते हुए एक ग्रंथ सूची दी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवेदक का उत्तरदायित्व होगा कि प्रस्तुत की गई रचना मूल है और साहित्यिक चोरी से मुक्त है।

**प्रविष्टियों को जमा किया जाना**

प्रविष्टियों को 30.01.2023 तक जमा किया जाना चाहिए।
• ऐसी कोई भी प्रविष्टि जो, उल्लिखित समय सीमा तक आयोजकों तक नहीं पहुंचती है, उसके संबंध में आयोजकों का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
• विलम्ब से प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।
• इस बात को पुन: दोहराया जाता है कि गठित की गई 'जूरी' /समिति का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी परिस्थिति में उससे संबंधित किसी भी पूछताछ/ पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

• यदि किसी भी अंचल में कोई भी प्रविषटि उपयुक्त नहीं पाई जाती है, तो उस अंचल के लिए पुरस्कार वितरित नहीं किया जाएगा।

*****